Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding alleged irregularities in implementation of works under Jal Jeevan Mission in Shahjahanpur district, Uttar Pradesh

श्री अरूण कुमार सागर (शाहजहाँपुर): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र जनपद शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत 'हर घर जल' के अंतर्गत टेंडर हैदराबाद की एक कंपनी को आवंटित किया गया है तथा जिसका कार्य उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) द्वारा कराया जा रहा है ।

इस संदर्भ में, मुझे संसदीय क्षेत्र के भ्रमण के दौरान निरंतर शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि जो निर्माण कार्य ठेकेदार/फर्म द्वारा कराए जा रहे हैं वह गुणवत्ताविहीन और मानक के अनुरूप नहीं हैं । निर्माण कार्य में कथित रूप से घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है तथा ठेकेदार द्वारा कार्य को जिन छोटे-छोटे ठेकेदारों में बांटा गया है, उनको उक्त कार्य का अनुभव ही नहीं है तथा छोटे ठेकेदारों द्वारा भी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि कंपनी को शासन से मिल रही दरों का 40-50 प्रतिशत दरें ही उन छोटे ठेकेदारों को दी जा रही हैं, जिस कारण गुणवत्तापरक कार्य करना संभव नहीं हो पा रहा है । इसकी उच्च स्तरीय जांच कराई जानी चाहिए कि कंपनी 40-50 प्रतिशत दरों पर काम को कैसे बांट रही है, क्या कंपनी को दरें अत्यधिक मिल रही हैं अथवा कंपनी की गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की मंशा नहीं है ।

मैं सदन के संज्ञान में यह भी लाना चाहूंगा कि ठेकेदारों द्वारा जो पाइप लाइन डाली जा रही है उसकी गुणवत्ता भी घटिया है । पाइप लाइन बहुत हल्की है एवं साइट पर डालते समय टूट-फूट हो रही है । इसके अलावा पाइप लाइन डालने के उपरांत रोड को कहीं भी ठीक नहीं किया गया है । इस प्रकार से सरकारी राजस्व का भारी दुरुपयोग किया जा रहा है, जिससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है ।

अत: जनहित में मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इस प्रकरण में तुरंत संज्ञान लेते हुए केंद्रीय मंत्रालय स्तर पर उच्च स्तरीय जांच करवाकर दोषी एजेंसी और अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाए और दोषी एजेंसी को तत्काल प्रभाव से ब्लैक लिस्ट करवाते हुए कार्यों को गुणवत्ता के अनुरूप करवाकर सरकारी धन के दुरुपयोग को रोका जाए ।… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Let the Matters under Rule 377 be taken up first. Please go back to your seats.

… (*Interruptions*)

<u>14.03 hrs</u>

At this stage, Shri T.R. Baalu and some other hon. Members left the House.

… (*Interruptions*)

<u>14.04 hrs</u>

At this stage, Shri Sudip Bandyopadhyay and some other hon. Members left the House.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति: श्री विवेक नारायण शेजवलकर I